भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2099

उत्तर देने की तारीख 5 अगस्त, 2024
14 श्रावण, 1946 (शक)

राजस्थान में खेलों के विकास के लिए निधियां

2099. श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान राजस्थान में खेल विकास कार्यों के लिए कार्य-वार जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

इस मंत्रालय में धनराशि स्कीम-वार आबंटित की जाती है, राज्य-वार नहीं। तथापि, खेलो इंडिया स्कीम के ''खेल अवसंरचना का निर्माण और उन्नयन'' घटक के तहत पिछले पांच वर्षों में राजस्थान में 12 अवसंरचना परियोजनाएं संस्वीकृत की गईं। इन परियोजनाओं का विवरण https://mdsd.kheloindia.gov.in/ पर उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, पिछले पांच वर्षों के दौरान राजस्थान में खेल अवसंरचना के निर्माण, खेल उपकरणों की खरीद, खेल के मैदानों के विकास आदि के लिए राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीफ) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अंतर्गत क्रमशः 8.60 करोड़ रु. और 11.72 करोड़ रु. जारी किए गए।

****